नवपंख संस्था ने क्रिसमस डे पर बच्चों के चेहरों पर बिखेरी मुस्कान

अजमेर, (कासं)। नव पंख संस्था द्वारा क्रिस्मस डे के अवसर पर झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले बच्चों के साथ क्रिस्मस डे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्यों ने बच्चों के साथ मिलकर क्रिस्मस की खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को क्रिस्मस कैप पहनाई गई, चॉकलेट , उपहार व भोजन वितरित किया गया। बच्चों ने गीत, नृत्य और खेलों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरा वातावरण खुशी और उमंग से भरा रहा। नव पंख संस्था के सदस्यों ने बच्चों को प्रेम, भाईचारे और आपसी सहयोग का संदेश दिया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संस्था का उद्देश्य समाज के वंचित वर्ग के बच्चों के चेहरे पर मुस्कान लाना, सद्भावना विकसित करना उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना है। नवपंख संस्था के प्रभारी नितिन उप्पल ने क्रिसमस डे के अवसर पर सभी को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि 'क्रिसमस प्रेम, सेवा और मानवता का पर्व है।

जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज का हीरक जयंती समारोह 27-28 दिसंबर को

- देश-विदेश से आएंगे एक हजार प्रतिनिधि
- मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी तथा अध्यक्षता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर करेंगे।

अजमेर(निसं)। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर अपनी स्थापना के 60 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 27 एवं 28 दिसंबर 2025 को भव्य हीरक जयंती समारोह का आयोजन करेगा। कॉलेज की स्थापना वर्ष 1965 में हुई थी। प्रारंभ में 70 विद्यार्थियों के साथ शुरू हुए इस संस्थान में समय के साथ चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का निरंतर विस्तार हुआ है।

इस बारे में जानकारी देते हुए मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ अनिल सामरिया ने बताया कि हीरक जयंती समारोह का उद्घाटन 27 दिसंबर को प्रातः 8 बजे होगा। मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी तथा अध्यक्षता चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर करेंगे। विशिष्ट अतिथियों में कैबिनेट मंत्री सुरेश सिंह रावत, विधायक अनिता भदेल, विधायक ब्रजलता हाड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

कार्यक्रम संयोजक डॉ डॉ नीरज गुप्ता व संजय भार्गव ने बताया कि 28 दिसंबर को समापन समारोह में केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्यों एवं अतिरिक्त प्राचार्यों का सम्मान किया जाएगा। समारोह में देश-विदेश से लगभग 1000 प्रतिनिधि भाग लेंगे तथा विद्यार्थियों व संकाय सदस्यों द्वारा विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। समापन समारोह 28 दिसंबर को सायं 4 बजे आयोजित किया जाएगा। उन्होने बताया कि 1965 से लेकर 2025 तक के सभी चिकित्सकों की एक सामूहिक परेड का भी आयोजन किया जाएगा।

कॉलेज प्राचार्य डॉ अनिल सामरिया ने बताया कि कॉलेज में एमबीबीएस सीटों की संख्या 100 से बढ़कर वर्तमान में 250 हो चुकी है। स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम वर्ष 1970 से प्रारंभ हुआ था, जो अब 24 विषयों में 250 सीटों के साथ संचालित हो रहा है। सुपर स्पेशियलिटी कोर्स कार्डियोलॉजी एवं यूरोलॉजी में प्रारंभ हुए, जिनका विस्तार अब न्यूरोलॉजी, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी, पीडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी, सीटीवीएस एवं न्यूरोसर्जरी तक हो चुका है।

कार्यक्रम संयोजक डॉ संजीव माहेश्वरी ने बताया कि अजमेर मेडिकल कॉलेज से पढाई करके देश-विदेश में जाकर अजमेर जेएलएन मेडिकल कॉलेज का नाम रोशन करने वाले कई चिकित्सकों ने इस मेडिकल कॉलेज व विकास के लिए अनुदान राशि देने का भी निर्णय लिया है, जिसमें अमेरिका के प्रसिद्ध डॉ ब्रज बजाज ने दो करोड रूपए का अनुदान देने की घोषणा की है तो वही डॉ सलीम चौधरी व डॉ शालीनी अरोडा चौधरी ने मेडिसिन विभाग के नवीनीकरण के लिए 25 लाख रूपए, वही डॉ दिपत्ती सिंह, डॉ किशोर कुमार बेहल व डॉ महिमा गटानी ने कोरोना काल में विभिन्न उपकरणों के लिए 25 लाख रूपए का अनुदान दिया था।

कॉलेज से संबद्ध जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय, राजकीय महिला चिकित्सालय एवं राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय का संचालन किया जा रहा है। इनमें कुल 2170 शैयाओं की सुविधा उपलब्ध है, जिससे अजमेर एवं आसपास के क्षेत्रों के रोगियों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सेवाएं मिल रही हैं।

संस्थान एवं संबद्ध चिकित्सालयों में केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य प्रगति पर हैं। इनमें कायड़ ग्राम में नया मेडिकल कॉलेज परिसर, डॉ. भीमराव आंबेडकर ऑडिटोरियम, कार्डियोलॉजी में नया कैजुअल्टी वार्ड, फॉरेंसिक विभाग एवं मोर्चरी, मेडिसिन व पीडियाट्रिक ब्लॉक, 100 बेड का संक्रामक रोग वार्ड, ट्रॉमा सेंटर सहित नया सर्जिकल ब्लॉक, पीजी छात्राओं के लिए नए छात्रावास, एमडीआरयू एवं स्किल सेंटर शामिल हैं। पत्रकार वार्ता में प्रसिद्ध गेस्ट्रोएनट्रोलॉजिस्ट डॉ एमपी शर्मा, वरिष्ठ सर्जन डॉ श्याम भूतडा सहित अनेक चिकित्सक मौजूद रहे।

अजमेर डिस्कॉम मुख्यालय में सुशासन दिवस मनाया गया

अजमेर, (कास)। पंचशील स्थित अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के मुख्यालय में आज देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर सुशासन दिवस श्रद्धा एवं गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री अटल बिहारी वाजपेई जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करने से हुई। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनके प्रेरणादायी विचारों तथा राष्ट्र निर्माण में दिए गए अमूल्य योगदान का स्मरण किया। इसके पश्चात सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई गई, जिसमें ईमानदारी, पारदर्शिता, उत्तरदायित्व एवं जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता के साथ कार्य करने का संकल्प लिया गया। सुशासन दिवस का यह आयोजन कर्मचारियों को कर्तव्यनिष्ठा एवं जनहित में समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करता हुआ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

NAME CHANGE

I Lagamavva Mother of Army No.15755792K, Hav, Santosh Adiveppa Sankeshwari, Residing at Ammanagi, Hukeri, Belagavi, KA 591236 have change my name from Lagamavva to Lagamavva Adiveppa Sankeshwari vide affidavit no BZ922670 dt 25/12/2025 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Adiveppa Father of Army No.15755792K, Hav, Santosh Adiveppa Sankeshwari, Residing at Ammanagi, Hukeri, Belagavi, KA 591236 have change my name from Adiveppa to Adiveppa Alagouda Sankeshwari vide affidavit no BZ922669 dt 25/12/2025 at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Roshni Devi Mother of Army No. 15789510M, Hav, Vinod Kumar Residing of Vill & Po:- Naurangabass, Tehsil & District:- Charkhi Dadri, Haryana, Pin- 127310 have change my name from Roshni Devi to Roshani Devi vide affidavit No. BZ922667 dated 24/12/2025 before court campus Nasirabad

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामांतरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की चौरसियावास योजना के आवासीय/भूखण्ड संख्या बी खसरा नं. 1522 क्षेत्रफल 104.77 वर्ग गज के आवंटी/अन्तरिति श्रीमती ज्ञानी मोटवानी पत्नि श्याम मूलचन्दानी निवासी बी-6 अरावली विहार कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर की मृत्यु दिनांक 11.12.2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र व सजरा रिपोर्ट संलग्न कर मृतक के वारिसों क्रमशः 1.श्याम मूलचंदान (पति) पुत्र स्व. ठाकुरदास मूलचंदानी 2. सुबोध मूलचंदानी पुत्र श्याम मूलचंदानी निवासी बी-6 अरावली विहार कॉलोनी वैशाली नगर अजमेर द्वारा नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराये उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

– योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

मूल आवंटी/अन्तरिति की मृत्यु पर उत्तराधिकारियों के पक्ष में संयुक्त नामांतरण हेतु आम सूचना का प्रारूप

-आम सूचना-

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण की विजयराजे सिंधिया नगर योजना के आवासीय/भूखण्ड संख्या 223 क्षेत्रफल 112.50 वर्गमीटर आवंटी/अन्तरिति नौरतमल माहेश्वरी पुत्र स्व. किस्तुर चंद निवासी सदर बाजार ग्राम सराधना जिला अजमेर की मृत्यु दिनांक 15.11.2025 को होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा वसीयतनामा पंजीकृत/अपंजीकृत दिनांक 10.4.2019 संलग्न कर मृतक द्वारा निष्पादित वसीयतनामे के आधार पर नामान्तरण हेतु बनवारी लाल भट्टर (भटटड) (BHATTER) पुत्र सुगन चन्द माहेश्वरी निवासी बी-23 एलआईसी कॉलोनी अलवर गेट अजमेर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त नामान्तरण किये जाने के संबंध में किसी को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराये उक्त नियत अवधि पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार योग्य नहीं होगी व आवेदकों के नाम नामांतरण की कार्यवाही की जा सकेगी।

– योजना प्रभारी अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान

क्रमांकः न.प.कि/कृषि भूमि नियमन /2025/2799 **लोक सूचना** दिनांकः 29/10/25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर परिषद किशनगढ़ में राजस्व ग्राम मदनगंज के खसरा 130 का भूखण्ड संख्या ए-8 का कुल क्षेत्रफल 245.00 वर्गगज (आवासीय प्रयोजनार्थ)हेतु पट्टा चाहने हेतु कृषि भूमि नियमन के तहत् आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदित भूखण्डे नियमन में संबंधित किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपति होतो इस सूचना के प्रकाशन की दिनांक से 07 दिवस में इस कार्यालय को लिखित मे आपतियां/मय साक्ष्य/विवरण सहित कार्यालय समय में दर्ज करावें।

क्र. सं.	प्रार्थी का नाम	राजस्व ग्राम का नाम एवं खसरा नं व क्षेत्रफल	प्रस्तावित कृषि भूमि नियमन
1.	श्री मिर्जा मुशरफ बेग पुत्र श्री मिर्जा महफूज बेग निवासी लोगिया मोहल्ल अजमेर।	मदनगंज खसरा 130 245.00 वर्गगज	(आवासीय प्रयोजनार्थ) पट्टा चाहने हेतु

आयुक्त,नगर परिषद, किशनगढ़।

कार्यालय नगरपालिका बिजयनगर जिला ब्यावर राज0

टैलीफोन नम्बर- 01462-230051 गांधी उद्यान-ब्यावर रोड़, बिजयनगर ई-मेल-npvijaynagar@gmail.com

क्रमांक- न.पा.बि./भूमि/2025/5295 **आपत्ति सुचना** दिनांक : 24-12-25

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पालिका/पैराफेरी क्षेत्र में निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्डों/मकानों के पास स्थित अधिक/खांचा भूमि के नियमन करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। यदि इस संबंध में किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 7 योम से नगरपालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। समय उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क्र.सं.	नाम आवेदक	क्षेत्र	क्षेत्रफल
1	(1) राकेश गोलेच्छा पुत्र श्री रूपचंद गोलेच्छा (2) घनश्याम माहेश्वरी पुत्र चांदमल (3) मीनाक्षी माहेश्वरी पत्नी घनश्याम माहेश्वरी	राजस्व ग्राम चौसला में खसरा नंबर 4567/4162 में एकल भूखण्ड के दक्षिणी में स्थित खांचा भूमि	198.44 वर्गगज

अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका बिजयनगर

बड़कालेश्वर मंदिर से धूमधाम से निकली कलश यात्रा

- सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का भव्य शुभारंभ

अजमेर, (कासं)। सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तहत गुरुवार को सागरविहार कॉलोनी स्थित बड़कालेश्वर मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। प्रवक्ता आभा गांधी ने बताया कि कलश यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई सर्वधर्म मंदिर पहुंची। शोभायात्रा में ढोल बैंडबाजों के साथ महिलाएं चुनरी की साड़ी पहन कर सिर पर अशोक के पत्तों से सजे श्रीफल रखे कलश लेकर चल रही थी। आगे आगे यजमान श्रीमद् भागवत पुराण लेकर चल रहे थे। पीछे चल रही बग्गी में कथावाचक आचार्य आमोद कृष्णशरण दाधीच विराजमान थे। वैशालीनगर स्थित सर्वधर्म मंदिर परिसर में 25 से 31 दिसंबर तक चलने वाली भागवत कथा मे वाचन किया जा रहा है। आयोजक रमेशचंद अग्रवाल, विनोद एवं सुभाष ने बताया कि कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1.15 से सांय 4.15 बजे तक रहेगा। 25 को आत्मदेव गोकर्ण कथा, 26 को शुकदेव परीक्षित मिलन, 27 को जड़मरत कथा, प्रहलाद चरित्र, 28 को गजेंद्र मोक्ष, कृष्ण जन्मोत्सव, 29 को कृष्ण बाल लीला चरित्र, 30 को रासलीला, रुक्मिणी विवाह, 31 को सुदामा चरित्र की कथा सुनाई जाएगी। पुष्पा अगवाल ने बताया कि इस अवसर पर प्रतिदिन विभिन्न झांकियां भी सजाई जाएगी। एक जनवरी,26 को प्रातः 8.15 बजे हवन। तुलसी सहस्त्रपाठ, गीता का मूलपाठ एवं लड्डू गोपाल का अभिषेक किया जाएगा। शोभायात्रा में पुष्पा, लीला, दिशा, वंदना, सुनील, अनिल, लोकेश, योगेश, प्रवीण, सौरभ, पिंकल, अनीश, अक्षत, पार्थ, हर्षिनी, संजय अतार, राजेंद्र गांधी, ईश्वर यादव, कक्षिका, ह्रदयांश, डॉ वीणा चौधरी, आभा गांधी, अनिता राठी, नगीना चतुर्वेदी, अपूर्वा अग्रवाल सहित सैकड़ों की संख्या में भक्तजन एवं क्षेत्रवासी शामिल थे। इससे पूर्व यजमान एवं आचार्य द्वारा श्रीमद् भागवत गीता का पूजन किया गया एवं आरती की गई। कथास्थल पर पोथी को स्थापित कर पूजा कर आरती की गई। आज कथा का प्रथम दिवस पद्म पुराण के द्वारा भागवत की महिमा का गुणगान का रहा। आचार्य श्री ने कहा कि कोई कितना ही व्यभिचार हो, पापी हो, अधर्मी हो, नास्तिक हो, कुकर्मी हो, कितना ही बड़ा अधर्मी व्यक्ति हो, मरने के बाद प्रेत योनि में पड़ा हुआ व्यक्ति हो उसके निमित्त भी यदि भागवत की कथा कर ली जाए तो वह मुक्त हो जाता है।

कांग्रेसियों ने मसीह समाज को दी क्रिसमस की बधाई

अजमेर, (कासं)। सेवा प्रेम करुणा त्याग एवं क्षमाभाव के महान संदेश देने वाले क्रिसमस पर्व पर गुरूवार को अजमेर उतर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं पीसीसी सदस्य महेंद्र सिंह रलावता के नेतृत्व में कांग्रेस के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने आगरा गेट स्थित चर्च पर मसीह समाज के बन्धुओ को क्रिसमस की मुबारक बाद दी।

इस मौके पर कांग्रेसी नेता रलावता ने कहा कि प्रभु यीशु के बताए मार्ग पर चलकर हम एक स्वस्थ, सद्भाव तथा समरसता युक्त समाज के निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। इस पुनीत अवसर पर जरूरतमंदों तथा बेसहारा लोगों की मदद करने का संकल्प लेना चाहिए।

इस मौके पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल नगर निगम अजमेर के पूर्व उपायुक्त एवं पार्षद गजेंद्र सिंह रलावता रॉबिन मैसी रोमी ईनुमल आशीश कुमार जॉन अजमेरी एडवोकेट नरेन्द्र नाथ राजेन्द्र वर्मा अहमद हुसैन मुकेश सिंह राठौड़ भरत सिंह राणा शंकर गुर्जर आदि ने क्रिसमस एवं नव वर्ष की मुबारकबाद दी।

बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में नसीराबाद में आक्रोश रैली

नसीराबाद, (निसं)। बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अमानुषिक अत्याचारों के विरोध में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, शिव सेना सहित विभिन्न हिंदूवादी संगठनों के कार्यकर्ताओं ने नगर में आक्रोश रैली निकालकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। रैली गांधी चौक से प्रारंभ होकर फ्रामजी चौक स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर संपन्न हुई। शहीद स्मारक पर एकत्रित कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए 'बांग्लादेश मुर्दाबाद' के नारे लगाए और बांग्लादेश सरकार के खिलाफ आक्रोश व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के मामले में कड़ा और प्रभावी हस्तक्षेप किया जाए, ताकि पीड़ित हिंदू समुदाय को न्याय और सुरक्षा मिल सके। वक्ताओं ने कहा कि धर्म के आधार पर हिंसा और उत्पीड़न किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को गंभीरता से उठाया जाना चाहिए।

डॉ. रमेश अग्रवाल 8 वीं बार अजयमेरु प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने

अजमेर, (कासं)। अजयमेरू प्रेस क्लब के आज सम्पन्न चुनावों में डॉ. रमेश अग्रवाल आठवीं बार क्लब के अध्यक्ष निर्वाचित हुए। आर.ए.एस. सुरेश सिंधी ने निर्वाचन अधिकारी की हैसियत से जानकारी दी कि अध्यक्ष सहित अग्रवाल की पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित हुई। महासचिव पद पर चंद्रप्रकाश कटारिया चुने गये। उपाध्यक्ष प्रताप सनकत एवं राजकुमार पारीक, कोषाध्यक्ष सत्यनारायण जाला,सचिव अब्दुल सलाम कुरैशी चुने गये। इसके अतिरिक्त सूर्य प्रकाश गांधी, सतीश कुमार शर्मा, जी.एस. विर्दी, मुबारक खान, अमित टंडन, विक्रम सिंह बेदी, प्रदीप टिक्यानी, राजेन्द्र गांधी, अनिल आयनानी एवं अनुराग जैन कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुने गये।

4 घंटे बिजली बंद रहेगी आज

मसूदा, (निसं)। 26 दिसंबर को विद्युत आपूर्ति प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक बंद रहेगी। 33केवी विद्युत लाइन मसूदा, शेरगढ़, खरवा, जामोला पर स्थित सभी 11केवी सबस्टेशन मसूदा, अमर सिंह का बाडिया, शेरगढ़ ,लोड़ियाना, रामगढ़, हरराजपुरा, खरवा, जामोला के11 केवी फीडर पर स्थित गांव की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

जिले भर के अधिकारियों और कर्मचारियों ने ली सुशासन की शपथ

भीलवाड़ा(निसं)। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी का जन्मदिवस गुरुवार को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के मार्गदर्शन में जिले भर के राजकीय कार्यालयों में अधिकारियों और कर्मचारियों ने स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए सुशासन की शपथ ली। जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ। राज्य स्तरीय कार्यक्रम जयपुर में माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ। राज्य स्तरीय समारोह में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार भी मौजूद रहे। जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिला कलक्टर ने सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कलेक्ट्रेट में उपस्थित रहे। सभी ने स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष पुष्पांजलि अर्पित की। जिला कलक्टर ने कार्मिकों से आमजन के हित से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से करने का आ ान किया। उन्होंने कहा कि कार्मिक सरकार के महत्वपूर्ण अंग हैं। वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए गंभीरता से कार्य करें, जिससे आमजन को राहत मिल सके।

अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन को सुशासन दिवस के रूप में मनाया

सरवाड़, (निसं)। सरवाड़ नगर पालिका परिसर में गुरुवार को भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया इस दौरान नगर पालिका के समस्त कार्मिकों द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी को पुष्पांजलि अर्पित की गई वहीं शासन को अधिक पारदर्शी सहभागी जन कल्याण केन्द्रित व जवाबदेही बनाने के लिए एवं सुशासन के उच्चतम मापदण्डों को स्थापित करने के लिए सुशासन शपथ ली गयी। शपथ के दौरान रहीस खान गौरी, महावीर प्रसाद धोबी, सन्दीप सेवता, घीसालाल माली, चेतन शर्मा, गोविन्द सिंह, भागचन्द गहलोत, सत्यनारायण लखन, मुकेश सेवता, अशोक आदिवाल, जमालुदीन व निर्मल स्वामी सहित अन्य उपस्थित रहें।

RIICO GROW WITH RAJASTHAN

राजस्थान सरकार का उपक्रम

RISING RAJASTHAN REPLETE • RESPONSIBLE • READY

औद्योगिक क्षेत्रों में संस्थानिक/ वाणिज्यिक/ ग्रुप हाउसिंग एवं गैर औद्योगिक भूखण्डों का

सरल ई-नीलामी के माध्यम से

आवंटन

अन्तिम 4 दिन शेष

कुल भूखण्ड	391
अस्पताल/ नर्सिंग होम/ डिस्पेंसरी	13
वाणिज्यिक भूखण्ड	119
आवासीय/ ग्रुप हाउसिंग	68
वे ब्रिज	07
गोदाम	03
दुकानें/ शोरूम	139
होटल/ रेस्टोरेन्ट	13
पेट्रोल पम्प/ फ्यूल फिलिंग स्टेशन	07
स्कूल	07
संस्थानिक	10
कियोस्क	05

ईएमडी अंतिम तिथि: 29 दिसम्बर, 2025 (सायं 06:00 बजे)

ऑनलाईन बिड प्रारम्भ तिथि: 30 दिसम्बर, 2025 (प्रातः 10:00 बजे) अंतिम तिथि: 02 जनवरी, 2026 (सायं 05:00 बजे)

13	आबू रोड़	07	चूरू	05	नागौर	07	उदयपुर
15	अजमेर	10	बीकानेर	19	पाली	21	जयपुर (उत्तर)
23	अलवर	09	झुंझुनू	18	झालावाड़	02	जयपुर (दक्षिण)
13	भिवाड़ी-I	20	भरतपुर	28	किशनगढ़	08	जयपुर (ग्रामीण)
13	भिवाड़ी-II	01	बालोतरा	19	राजसमंद	12	ईपीआईपी सीतापुरा, जयपुर
15	घिलोठ	30	भीलवाड़ा	10	कोटा	09	जोधपुर
04	दौसा	22	नीमराना	08	सीकर	07	श्रीगंगानगर
13	सवाईमाधोपुर			10	बोरानाडा		

राज.संवाद/सी/25/16464

*25% भुगतान के बाद, शेष 75% भुगतान 11 किश्तों में 8.5% ब्याज के साथ या 120 दिनों के भीतर ब्याज रहित भुगतान

आवेदन के लिए QR कोड स्कैन करें

राजस्थान स्टेट इण्डस्ट्रियल डवलपमेन्ट एण्ड इन्वेस्टमेन्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड

उद्योग भवन, तिलक मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर-302005

ई-नीलामी हैल्पलाइन नं. 0141-4593250, 4593237, व्हाट्सएपः +91 9001306515, ई-मेल: riico@riico.co.in

आवंटन से सम्बंधित नियमों एवं शर्तें, ईएमडी विवरण, रजिस्ट्रेशन एवं भूखण्ड से सम्बंधित जानकारी के लिए देखें https://riico. rajasthan.gov.in या https://www.riico.co.in